# जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## प्रेस विज्ञप्ति संख्या–2

गोरखपुर, 08 मई : भारतीय रेलवे द्वारा रेल बजट 2015–16 में की गई घोषणाओं में से 39 मदों पर त्वरित कार्यवाही कर कार्य को मूर्तरूप प्रदान कर दिया गया है । वर्तमान वित्त वर्ष के मात्र 36 दिनों के अन्तराल में यात्री सुख–सुविधा तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बन्धित 39 मदों पर कार्य तीव्र गति से किया गया है । रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु एवं रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा रेल बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की स्वयं समीक्षा करते हैं । इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड, सभी क्षेत्रीय रेल, सभी मंडल स्तरों पर भी घोषणाओं के क्रियान्वयन की समयबद्ध समीक्षा की जा रही है । रेल मंत्रालय ने कार्य में हुई प्रगति पर निगरानी रखने के लिये ''ई–समीक्षा'' नाम से नया साफ्टवेयर विकसित किया गया है ताकि कार्य को गति से बढ़ाया जा सके ।

रेल मंत्रालय द्वारा वर्तमान रेल बजट की घोषणाओं में से 39 मदों के कार्यान्वयन का ब्यौरा निम्नवत है :–

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत रेल मंत्रालय में एक नया हाउस कीपिंग विभाग खोला गया है जो साफ–सफाई के कार्य पर सतत् निगरानी रखेगा ।
2. पायलट प्रोजेक्ट योजना के अन्तर्गत मुम्बई–अमृतसर पंजाब मेल में डिस्पोजेबल गारबेज बैग का प्रयोग किया जा रहा है ।
3. इन्टीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा 01 मई,2015 से डस्टबिन युक्त नान ए.सी. कोच का निर्माण किया जा रहा है ।
4. ''नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलाजी'' द्वारा बेड रोल आदि की डिजाइनिंग की जा रही है ।
5. रेल यात्रियों को साफ–सुथरा बेड रोल देने के लिये कोचीवेली, माल्दा टाउन और सन्तरागाछी में मैकेनाइज्ड लाण्ड्री खोली गई है। इस प्रकार भारतीय रेल पर 33 लाण्ड्री कार्यरत है तथा 29 अन्य स्थलों पर मैकेनाइज्ड लाण्ड्री लगाये जाने के लिये चिन्हित किया गया है । पूर्वोत्तर रेलवे पर गोरखपुर, लखनऊ, मंडुवाडीह एवं काठगोदाम में विभागीय लाण्ड्री कार्य कर रहा है
6. यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, साफ–सफाई, भोजन, पानी तथा कोच मेंटेनेन्स के लिए हेल्प लाइन नम्बर 138 सुचारू रूप से कार्यरत है ।
7. यात्रियों की सुरक्षा के लिए हेल्प लाइन संख्या 182 का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर सुरक्षाकर्मी की सहायता ली जा सके ।
8. रेलवे से सम्बन्धित शिकायतों को दूर करने के लिये पोर्टल विकसित किया गया है जिससे शिकायतों का आनलाइन प्राप्त होना सम्भव हो सका है ।
9. ''पायलट प्रोजेक्ट योजना'' के अन्तर्गत सब–अरबन रेलवे चेन्नई में पॉच मिनट के अन्तर्गत यात्रियों को अनारक्षित टिकट उपलब्ध कराने की योजना की शुरूआत कर दी गई है । इस योजना के अन्तर्गत यात्री पेपरलेस टिकट अपने मोबाइल फोन पर प्राप्त कर सकते हैं ।
10. विकलांग यात्रियों को एक बार रजिस्ट्रेशन कराने के बाद रियायती ई–टिकट प्राप्त करने का निर्देश जारी किया जा चुका हैं ।
11. हिन्दी में ई–टिकटिंग पोर्टल योजना तैयार है जिसे शीघ्र ही लागू कर दिया जायेगा
12. वर्तमान में भारतीय रेल के 134 जोड़ी गाड़ियो में ई–कैटरिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है जिसके अन्तर्गत यात्रीगण फोन काल या एस.एम.एस. के माध्यम से ट्रेन में अपनी सीट पर भोजन मँगा सकते हैं ।
13. रिटायरिंग रूम की बुकिंग आन लाइन हो गई है ।
14. कुल 73 जोड़ी गाड़ियों को चिन्हित किया गया है जिसमें चल टिकट परीक्षकों को हैण्ड–हेल्ड टर्मिनल उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा । इन उपकरणों की आपूर्ति शीघ्र ही इस माह के अन्त तक हो जाने की सम्भावना है ।
15. गाड़ियों के अपने गन्तव्य पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचने पर यात्रियों को एस.एम.एस. एलर्ट की सुविधा प्रदान की गई है ।
16. तकनीक के प्रदर्शन हेतु केन्द्रीय रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क तैयार है ।

.............................2

17. पायलट प्रोजेक्ट योजना के अन्तर्गत इन्टीग्रल कोच फैक्ट्री में सर्विलांस कैमरा लगाया गया है।
18. कालका शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रियों के लिये आनबोर्ड मनोरंजन सुलभ करा दिया गया है। अन्य ट्रेनों में इसकी शुरूआत शीघ्र की जायेगी ।
19. सभी नये साधारण द्वितीय श्रेणी कोचों में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है । इस वित्तीय वर्ष में 3000 कोचों में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट लगाया जायेगा।
20. वरिष्ठ नागरिकों को नीचे का बर्थ उपलब्ध कराने के लिये वर्तमान कोटा 02 से बढ़ाकर 04 प्रति कोच कर दिया गया है ।
21. भारतीय रेल के 22 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता हेतु E-concierge की शुरूआत की गई है ।
22. भारतीय रेल के 05 जोड़ी गाड़ियों को चिन्हित किया गया है जिसमें वर्तमान में लगाये जा रहे 24 कोच के स्थान पर 26 कोच लगेंगे ।
23. सभी चल टिकट परीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों एवं गर्भवती महिलाओं की सहायता करें ताकि उन्हें लोवर बर्थ मिल सके ।
24. वरिष्ठ नागरिकों एवं गर्भवती महिलाओं को कोच के मिडिल में बर्थ आबंटित करने का निर्देश जारी कर दिया गया है ।
25. किसान एवं उपभोक्ताओं के लाभ हेतु आजादपुर मण्डी में ''पेरिशेबुल कारगो'' सेन्टर की स्थापना की गई है जिसमें फल स्टोर किया जा रहा है ।
26. प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल पालिसी के उदारीकरण हेतु 10 अप्रैल,2015 को निर्देश जारी कर दिया गया है ।
27. काकोदकर समिति द्वारा संरक्षा पहलुओं पर दिये सभी लम्बित सुझावों पर रेलवे बोर्ड द्वारा विचार किया जा रहा है ।
28. भारतीय रेल पर उन्नत परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विख्यात उद्योगपति रतन टाटा की अध्यक्षता में ''कायाकल्प समिति'' का गठन किया गया है ।
29. भारतीय रेल पर सूचना तकनीक विजन को बढ़ावा देने के लिये टास्कफोर्स ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन किया गया है ।
30. श्री अजय शंकर के नेतृत्व में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप सेल के पुर्नसंरचना हेतु एक कमेटी का गठन किया गया है ।
31. कोयला के सुचारू परिवहन के लिये रेल मंत्रालय, कोयला मंत्रालय एवं उड़ीसा सरकार के बीच स्पेशल परपज वेहिकल (SPV) हेतु करार किया गया है ।
32. रेल के आधारभूत संरचना के विकास हेतु जीवन बीमा निगम से रू0 1.5 लाख करोड़ के फण्ड की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु करार किया गया है ।
33. पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के द्वारा दिघी पोर्ट तक रेल बिछाने के कार्य को अनुमोदित किया गया है ।
34. रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ के ट्रेनिंग के लिये निर्देश जारी किया गया है ।
35. विश्व बैंक से रेलवे प्रोजेक्टस को धन उपलब्ध कराने हेतु वार्ता की जा रही है ।
36. नियामक (रेगुलेटर) के स्थापना की प्रक्रिया चल रही है।
37. मुम्बई विश्वविद्यालय से रेलवे रिसर्च सेन्टर हेतु करार किया गया है ।
38. अहमदाबाद में नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ डिजाइनिंग की स्थापना के लिये रेल मंत्रालय एवं नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ डिजाइन के बीच करार किया गया है। इससे बेहतर डिजाइन के कोचों के निर्माण में सहायता मिलेगी और यात्रीगण आरामदायक यात्रा का लाभ उठा सकेंगे।
39. झारखण्ड प्रदेश में कोयला की सुचारू रूप से ढुलाई के लिये रेल मंत्रालय, कोयला मंत्रालय एवं झारखण्ड सरकार के बीच करार किया गया है ।

(एस.पी.मिश्र)
जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक / ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर